RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 16 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 274 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

ईडी ने 38 करोड़ रुपये के टोरेस निवेश ''धोखाधड़ी'' की जांच के लिए मामला दर्ज किया




Page - 3

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महायुति में सब ठीक नहीं?

## फडणवीस ने BJP के अकेले निकाय चुनाव लड़ने के दिए संकेत, क्या हैं मायने?

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में आगामी निकाय चुनाव अकेले लड़ने के संकेत दिए हैं। हाल ही में शिरडी में बीजेपी के एक सम्मेलन में उन्होंने इस तरह की भावनाएं जाहिर की हैं। इससे पहले विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी में शामिल उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने भी ये बात कही थी, जिसको लेकर गठबंधन के बारे में असमंजस पैदा हो गया था। हालांकि, फडणवीस की तरफ से भाजपा कार्यकर्ताओं को ये भी कहा गया है कि वो सत्ताधारी गठबंधन महायुति के दोनों सहयोगियों उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे की शिवसेना तथा अजित पवार की एनसीपी के साथ किसी भी तरह का विवाद न होने दें।



### फडणवीस ने दिए संकेत

बीजेपी के सम्मेलन में मौजूद पार्टी के एक विधायक ने बताया कि फडणवीस ने कहा कि निकाय चुनाव भाजपा के अकेले ही लड़ने की संभावना है,उन्होंने सभी मंत्रियों तथा पार्टी पदाधिकारियों से साफ तौर पर कहा कि वो महायुति के सहयोगियों के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणी करने से बचें।

महाराष्ट्र में पिछले साल नवंबर में हुए राज्य के विधानसभा चुनावों में बीजेपी की अगुवाई वाले गठबंधन ने जबरदस्त जीत दर्ज की है और 288 सीटों में से 235 सीटें जीतकर विपक्ष की राजनीति की लुटिया पूरी तरह से डुबो दी है। इसमें भाजपा ने ऐतिहासिक तौर पर लगभग 90% स्ट्राइक रेट के साथ अबतक की सबसे अधिक सीटें जीत ली हैं। ऐसे में फडणवीस क्यों चाहतें कि भाजपा नगर निकाय के चुनाव अकेले लड़े, यह एक बहुत बड़ा सवाल है। खास तौर पर तब जब कई छोटे राज्यों से ज्यादा बजट वाली बीएमसी के चुनाव भी जल्द ही होने की संभावना है।

**एक हैं तो सेफ हैं**

वहीं, सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ''पानीपत की तीसरी लड़ाई यह सिद्ध करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ''एक है तो सेफ हैं'' का संदेश एकता की आवश्यकता को समझाता है।'' उन्होंने कहा कि ''आज भी भारतीय संस्कृति का विरोध करने वाले तत्व हमारे देश के लिए चुनौतियां पेश कर रहे हैं। हम संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर, एकजुट रहकर और मजबूत राष्ट्रवाद को बढ़ावा देकर इन ताकतों को हरा सकते हैं।''

---

## महिलाओं के रोजगार के लिए बाइक टैक्सी का विकल्प

# मुंबई समेत अब राज्यभर में बाइक टैक्सी के लिए बनी नियमावली...

**मुंबई:** लंबे समय से बाइक टैक्सी के लिए कोई नियमवाली बनाने का इंतजार हो रहा है। मुंबई जैसे महानगर



में बिना नियमों के बाइक टैक्सी चल रही थी जबकि ट्रैफिक की स्थिति को देखते हुए सबसे सही विकल्प हो सकता है। बहरहाल ओला, उबर, रैपिडो जैसी ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं के साथ-साथ बाइक टैक्सी सेवाओं के लिए एक समान नियमावली के तहत लाने के लिए मोटर वाहन विभाग ने ''महाराष्ट्र एग्रीगेटर रेगुलेशन 2024'' मसौदा तैयार किया है। इसका प्रस्तुतिकरण मंगलवार को मंत्रालय में हुई बैठक में किया गया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि नियमावली में यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। यह एक नीतिगत निर्णय है, इसलिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से चर्चा कर अगले दो महीनों में इस नियम को लागू किया जाएगा।

**बाइक टैक्सी से मिलेगा रोजगार**

नए मसौदे के बाद अब मुंबई-पुणे समेत राज्य के सभी शहरों में बाइक टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। बाइक टैक्सी शुरू करने का मुख्य उद्देश्य रोजगार सृजन है। इसके माध्यम से महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। महिला ड्राइवरों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए दो सीटों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए स्टैंड लगाने पर विचार किया जा रहा है। यह बदलाव मौजूदा कंपनियों के जरिए होंगे या परिवहन विभाग की ओर से किए जाएंगे, इस पर विचार चल रहा है।

**देरी हुई तो करना होगा भुगतान**

''यात्रा के लिए ऐप आधारित टैक्सी बुक करने के बाद ड्राइवर तय समय से अधिक देर से पहुंचता है'' ऐसी आम शिकायतों का अब राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने समाधान निकाला है। अगर ऐप आधारित टैक्सी ड्राइवर 10 मिनट में नहीं पहुंचा, तो संबंधित व्यक्ति पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और यह राशि यात्री को दी जाएगी। इस नियम को ''महाराष्ट्र एग्रीगेटर रेगुलेशन 2024'' में शामिल किया गया है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अस्पताल आदि के लिए बुक की गई टैक्सी रद्द करने पर कुल दंड की पांच गुना राशि संबंधित कंपनी से यात्री को देने का भी नियम इस मसौदे में शामिल है।

---

## रसोई से निकाला चाकू, बच्चों को मारने की दी धमकी

# महिला को घर पर अकेला देख नाबालिग ने किया रेप

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुंबई से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है. यहां के मानखुर्द इलाके में 17 साल के एक नाबालिग ने चाकू की नोक पर 27 साल की एक महिला के साथ रेप किया. आरोपी ने इस घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब महिला घर में अकेली थी. हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 4.30 बजे 27 वर्षीय महिला अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी, जबकि उसके दो बच्चे अंदर थे, उसका पति काम पर गया था. इसका फायदा उठाकर नाबालिग ने पूरी घटना को अंजाम दिया. नाबालिग आरोपी ने देखा महिला जैसे घर के अंदर गई, वैसे वो उसके पीछे गया और दरवाजा बंद कर दिया. इसके बाद आरोपी ने रसोई से चाकू निकाला और उससे कहा कि अगर उसने उसके निर्देशों का पालन नहीं किया तो वह उसे और उसके नाबालिग बच्चों को मार देगा. इसके बाद आरोपी ने महिला के साथ



जबरदस्ती की, दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और मौके से भाग गया. जब महिला ने मदद के लिए चिल्लाना शुरू किया तो पड़ोसियों ने बाहर से दरवाजा खोला और उसके पति और स्थानीय पुलिस को सूचना दी.

**आरोपी को पकड़ने के लिए करनी पड़ी मशक्कत**

महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी. आरोपी को पकड़ने के लिए आठ टीमें बनाई थीं, जो स्थानीय था, लेकिन अपने घर पर नहीं मिला. आरोपी ने अपना फोन भी बंद रखा था और पुलिस टीमें रात भर उसकी तलाश करती रहीं, आखिरकार नाबालिग आरोपी को मंगलवार दोपहर को उसी इलाके से पकड़ लिया गया.

---

## बिजली का बिल इतना कि गिनते-गिनते कंपनी के कर्मचारियों के छूट गए पसीने, 5 घंटे का लगा समय



**वाशिम:** महाराष्ट्र के वाशिम से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है, जहां बिजली के बिल भरते समय बिजली कंपनी ही चौंक गई। यह चौंकाने वाली घटना महावितरण बिजली कंपनी के वसूली अभियान के दौरान सामने आया है। दरअसल, बात ये है कि वाशिम जिले के रिसोड शहर के एक ग्राहक ने अपना 7,160 रुपए का बिजली बिल एक और दो रुपए के सिक्कों में चुकाया है। ग्राहक ने जो सिक्के लाए उनका कुल वजन करीब 40 किलो था।

**5 घंटे का लगा समय**

बताया जा रहा है कि महावितरण बिजली कंपनी के कर्मचारी ये रकम मोटरसाइकिल पर एक किलोमीटर की दूरी तय कर ग्राहक से लेकर ऑफिस पहुंचे। इन सिक्कों को गिनते-गिनते ऑफिस कर्मचारियों के पसीने छूट गए। इस रकम को गिनने के लिए कर्मचारियों को करीब 5 घंटे का समय लगा।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अर्थव्यवस्था के हर मोर्चे पर मुश्किल लड़ाई...

दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में मामूली गिरावट से देश के आर्थिक प्रबंधकों को कुछ राहत मिलती नजर नहीं आती क्योंकि हाल के महीनों में नीतिगत जटिलता बहुत बढ़ी है। सोमवार को जारी आंकड़े बताते हैं कि मुद्रास्फीति की दर 5.22 फीसदी के साथ चार महीनों के निचले स्तर पर आ गई है। इससे पहले नवंबर में यह दर 5.48 फीसदी थी। अकेले आंकड़े के रूप में भी यह गिरावट इतनी संतोषप्रद नहीं है कि यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) फरवरी की बैठक में नीतिगत दरों में कमी शुरू करने की स्थिति में होगी। काफी कुछ अगले वर्ष के अनुमान पर निर्भर करेगा। ताजा अनुमानों के मुताबिक एमपीसी का मानना है कि अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति की दर औसतन 4.6 फीसदी रहेगी। दूसरी तिमाही में यह घटकर 4 फीसदी रह जाएगी।

चूंकि उच्च खाद्य कीमतें मोटे तौर पर मुद्रास्फीति संबंधी निष्कर्षों से संचालित होती हैं इसलिए इस अनुमान के समक्ष काफी जोखिम हैं। बहरहाल अन्य आर्थिक हितधारक शायद एमपीसी और भारतीय रिजर्व बैंक को अगले कुछ महीनों के दौरान वास्तविक मुद्रास्फीति के नतीजों पर नजर डालने के लिए अधिक समय देने के लिए तैयार नहीं हो सकते। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि धीमी होकर 5.4 फीसदी रही। सांख्यिकी विभाग के पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक अर्थव्यवस्था चालू वर्ष में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह महामारी (2020-21) में आए संकुचन के बाद सबसे धीमी वृद्धि होगी। देश की अर्थव्यवस्था में 2023-24 में 8.2 फीसदी की दर से वृद्धि हुई। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि वृद्धि की खातिर नीतिगत ब्याज दर में कमी करनी होगी। बहरहाल, एक बार फिर नीतिगत चयन इतना भी सीधा सपाट नहीं होगा। भारतीय रुपया दबाव में है और मुद्रास्फीति और वृद्धि संबंधी नतीजों पर इसका असर होगा। रिजर्व बैंक के सक्रिय हस्तक्षेप के बावजूद रुपया 2025 में अब तक एक फीसदी गिर चुका है। बहरहाल, इसका तात्कालिक रेखांकित करने वाला कारण खासतौर पर भारत से संबद्ध नहीं है। चूंकि भारत चालू खाते के घाटे से जूझ रहा है और अंतर को पाटने के लिए उसे शेष विश्व से धन चाहिए इसलिए भारी पूंजी बाहर जाने पर हालात जटिल बन सकते हैं। हाल के महीनों में विदेशी पूंजी बाहर जा रही है क्योंकि अमेरिका से अपेक्षाएं बदल गई हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व अब शायद दरों में कटौती में धीमापन लाए। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के आगमन के बाद नीतिगत बदलाव को देखते हुए परिदृश्य और बदल सकता है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# पीएम नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में किया इस्कॉन मंदिर का लोकार्पण

## 200 करोड़ रुपये की लागत से 12 साल में बना यह है मंदिर



**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई दौरे में बुधवार को एशिया के दूसरे सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर का लोकार्पण किया। इस मंदिर का निर्माण नवी मुंबई के खारघर में किया गया है। यह इस्कॉन का पहला ऐसा मंदिर है जिसमें संस्थापक स्वामी श्रील प्रभुपाद का स्मारक होगा। इस मंदिर का नाम श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर रखा गया है। यह मंदिर 12 साल में बनकर तैयार हुआ है। इस मंदिर को कुल 9 एकड़ में बनाया गया है। इस मंदिर के निर्माण पर करीब 200 करोड़ रुपये का खर्च आया।

**क्या बोले पीएम मोदी ?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि श्रील प्रभुपाद स्वामी को याद किया और कहा उन्होंने उस समय वेद वेदांत और गीता के महत्व को आगे बढ़ाया जब देश गुलामी की बेड़ियो में जकड़ा था। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंनें भक्ति वेदांत को जन सामान्य जोड़ने का अनुष्ठान किया। पीएम मोदी ने कहा कि 70 वर्ष की आयु में जब लोग अपने कर्तव्यों को पूरा मान चुके होते हैं तब उन्होंने इस्कॉन जैसा मिशन शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा कि इसके बाद उन्होंने लगातार दुनिया भर का भ्रमण किया और श्रीकृष्ण के संदेश को कोने-कोने में ले गए।

**16 से लोग कर पाएंगे दर्शन**

नवी मुंबई का यह मंदिर भक्ति, संस्कृति और वास्तुकला का संगम है। 200 करोड़ रुपये की लागत से बना यह मंदिर न केवल एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर है, बल्कि भारतीय परंपराओं का भव्य प्रतीक भी है। 16 जनवरी से भक्त यहां भगवान के दर्शन कर सकेंगे, जो इस मंदिर को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाएगा। दुनिया में इस्कॉन के करीब 800 मंदिर हैं, जिनमें से कुछ बेहद प्रसिद्ध हैं। भारत में वृंदावन का इस्कॉन मंदिर, जिसे श्रील प्रभुपाद द्वारा स्थापित किया गया था।।

### क्या है इस्कॉन मंदिर की खूबियां?

9 एकड़ में फैला यह मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है।
यह अपनी भव्यता व वास्तुकला के लिए विशेष चर्चा में है।
सफेद-भूरे संगमरमर से निर्मित मंदिर की सुंदरता मोहक है।
चांदी के दरवाजों पर गदा, शंख, चक्र, ध्वजा की नक्काशी है।
मुख्य कक्ष में कृष्ण की 3डी पेंटिंग्स, दशावतार की कलाकृतियां हैं।
मंदिर परिसर में 5-6 एकड़ हरियाली इसे और आकर्षक बनाती है।

## कल्याण, डोंबिवली और नवी मुंबई इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी करने में शामिल दो चोर गिरफ्तार



**उल्हासनगर :** मानपाड़ा पुलिस ने उल्हासनगर से दो चोरों को गिरफ्तार किया है जो कल्याण, डोंबिवली और नवी मुंबई इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी करने में शामिल थे। चोरों ने चार अपराध कबूल किए हैं। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्होंने अन्य शहरों में भी इसी तरह की चोरी की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए चोरों के नाम रितिक बाविस्कर ( 19 ), कुणाल नायडू ( 19 ) हैं। पुलिस ने इन दोनों चोरों द्वारा चुराई गई 2.70 लाख रुपये की चार मोटरसाइकिल जब्त की हैं। डोंबिवली और कल्याण इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा में रात के समय घरों के सामने और सार्वजनिक सड़कों पर दोपहिया वाहन खड़े होने की संख्या में वृद्धि हुई थी। इन बढ़ती शिकायतों से पुलिस परेशान थी। पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे ने मानपाड़ा पुलिस को इन मोटरसाइकिल चोरों का पता लगाने का आदेश दिया था। उन्होंने इसके लिए एक विशेष जांच दल के गठन का आदेश दिया था। सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे और मानपाड़ा थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कदबाने के नेतृत्व में विशेष पुलिस दल कुछ दिनों से मोटरसाइकिल चोरों की तलाश कर रहा था। मोटरसाइकिल चोरी होने के स्थान के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि दो पुलिस वाले यह काम कर रहे थे। पुलिस ने युवक की पहचान की। पुलिस को यकीन हो गया कि युवक उल्हासनगर का रहने वाला है। पुलिस ने जाल बिछाया और उसे उल्हासनगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस निरीक्षक राम चोपड़े, जयपालसिंह गिरासे, दत्तात्रेय गुंड, सहायक पुलिस निरीक्षक संपत फडोल, महेश रालेभट, हवलदार सुनील पवार, संजू मसल, विकास माली, शिरीष पाटिल, नाना चव्हाण की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

## पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को सिर पर हथौड़े से वार कर मार डाला




**बदलापुर :** पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को महिला के पति ने सिर पर हथौड़े से वार कर मार डाला। बदलापुर में एक व्यक्ति ने अपने दोस्त की पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। उसने यह भी धमकी दी कि अगर तुमने अपने पति को इस बारे में बताया तो वह तुम्हें और तुम्हारे पति को भी मार देगा। नतीजतन, पत्नी ने अपने पति को पूरी घटना बता दी। इस घटना के बारे में जानने के बाद दोस्त ने अपने दोस्त के सिर पर हथौड़े से वार कर उसे मार डाला। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित के पति को गिरफ्तार कर लिया है।

बदलापुर के शिरगांव इलाके में रहने वाले नरेश और सुशांत अच्छे दोस्त थे। हालांकि, सुशांत ने नरेश की पत्नी के साथ दुष्कर्म किया और पति को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने उसे कुछ और बार धमकाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। हालांकि, पत्नी ने हिम्मत जुटाई और नरेश को सुशांत के कुकर्म के बारे में बताया। उस रात सुशांत नरेश के घर पर ही रुके थे। भोर होते ही नरेश ने सुशांत के सिर पर हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी और पुलिस को झूठी कहानी बताकर सूचना दी कि सुशांत बाथरूम में गिर गया और उसके सिर में चोट लग गई और अधिक शराब पीने के कारण उसकी मौत हो गई, ऐसा पुलिस ने बताया। पुलिस ने यह भी बताया कि शुरू में नरेश ने कहा था कि उसका दोस्त बाथरूम में गिर गया और उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आकस्मिक मौत दर्ज की थी। हालांकि जब सुशांत की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई तो नरेश द्वारा रची गई झूठी कहानी का पदार्फाश हो गया। क्योंकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि सुशांत की मौत सिर पर भारी वस्तु लगने से हुई है। इसके बाद पुलिस ने नरेश को हिरासत में लेकर पुलिस की वर्दी दिखाई और जैसे ही उसने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने सुशांत की हत्या की है।

# डोंबिवली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विज्ञापन बोर्ड लगाकर शहर और संपत्ति को खराब करने वाले

## प्रतिष्ठानों और विज्ञापनदाताओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज

**कल्याण :** नगर पालिका के वार्ड कर्मचारी की शिकायत के आधार पर, रामनगर पुलिस ने कल्याण डोंबिवली नगर पालिका के संपत्ति विभाग से अनुमति प्राप्त किए बिना डोंबिवली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के विज्ञापन बोर्ड लगाकर शहर और संपत्ति को खराब करने वाले प्रतिष्ठानों और विज्ञापनदाताओं के खिलाफ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। सी वार्ड के सहायक आयुक्त संजय कुमार कुमावत के संज्ञान में आया था कि नगरपालिका की स्काईवॉक, बिजली के खंभों और व्यस्त सड़कों पर निजी प्रतिष्ठानों द्वारा नगरपालिका से अनुमति लिए बिना




अंशकालिक नौकरियां तुरंत उपलब्ध हैं, दुकानों में काम करने के लिए तुरंत श्रमिकों की आवश्यकता है, विभिन्न प्रकार की निजी ट्यूशन कक्षाएं जैसे कई विज्ञापन लगाए जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त कुमावत ने सी वार्ड के फेरीवाला हटाने वाली टीम के प्रमुख अरुण जगताप को सी वार्ड क्षेत्र में अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्डों की जानकारी पता लगाने के लिए कहा। बोर्डों पर मोबाइल नंबर थे। ऐसे प्रतिष्ठानों के नाम और पते खोजने के बाद, टीम के प्रमुख अरुण जगताप ने उनके खिलाफ रामनगर पुलिस स्टेशन में संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की। पुलिस ने अवैध बोर्ड लगाने वाले तीन प्रतिष्ठानों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्थायी नौकरियों के लिए तुरंत आवेदन करें, वित्तीय संस्थानों से तुरंत ऋण प्राप्त करें, एक फोन पर क्रेडिट पर नकद प्राप्त करें, ये होर्डिंग्स डोंबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र के डॉ। रथ रोड, पाटकर रोड क्षेत्रों में लगाए गए थे। इन अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ सी वार्ड के सहायक आयुक्त कुमावत द्वारा शुरू की गई आपराधिक कार्रवाई से प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया है। नगर पालिका के वार्ड के सहायक आयुक्त ने पिछले साल दिसंबर में कल्याण डोंबिवली नगरपालिका के दस वार्डों में लगभग पांच हजार होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में 1,085 भित्ति चित्र, 2,867 होर्डिंग्स, 19 भव्य होर्डिंग्स और विभिन्न पार्टियों के 246 झंडे हटाए गए।

# ईडी ने 38 करोड़ रुपये के टोरेस निवेश ''धोखाधड़ी'' की जांच के लिए मामला दर्ज किया




**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 38 करोड़ रुपये के टोरेस निवेश ''धोखाधड़ी'' की जांच के लिए धन शोधन का मामला दर्ज किया है। इस योजना के जरिये कई निवेशकों को कथित तौर पर ठगा गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के लिए मुंबई पुलिस (शिवाजी पार्क पुलिस थाने) की प्राथमिकी का संज्ञान लिया है। बाद में यह मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को स्थानांतरित कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 'टोरेस' आभूषण ब्रांड के स्वामित्व वाली एक निजी फर्म द्वारा संचालित पॉन्जी योजनाओं में अब तक 1,916 निवेशकों ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। यह घोटाला तब प्रकाश में आया, जब इस महीने की शुरूआत में सैकड़ों निवेशक दादर (पश्चिम) में टोरेस वास्तु सेंटर बिल्डिंग में स्थित आभूषण ब्रांड के स्टोर पर एकत्र हुए, क्योंकि कंपनी ने उन्हें वादा की गई रकम का भुगतान करना बंद कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें उज्बेकिस्तान के नागरिक तजागुल जासातोव, रूसी नागरिक वेलेंटिना गणेश कुमार और सर्वेश सुर्वे शामिल हैं। सभी अब तक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी थे। पुलिस ने आरोपी की और रिमांड की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में घोटाले का आकार 38 करोड़ रुपये तक हो गया है तथा जांच आगे बढ़ने पर राशि और बढ़ने की उम्मीद है। उम्मीद है कि ईडी उनसे पूछताछ करेगी और कथित पॉन्जी घोटाले की गहराई में जाने के लिए अतिरिक्त ''साक्ष्य'' भी जुटाएगी। सूत्रों ने बताया कि वह पूछताछ के लिए कुछ लोगों को तलब भी कर सकती है। पुलिस ने 11 अन्य लोगों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया है, जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जो फरार बताए जा रहे हैं।

# मानखुर्द इलाके में 17 वर्षीय नाबालिग ने चाकू की नोंक पर महिला से किया बलात्कार... पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**मुंबई :** एक चौंकाने वाली घटना में, मुंबई के मानखुर्द इलाके में एक 17 वर्षीय नाबालिग ने चाकू की नोंक पर एक महिला से बलात्कार किया। मुंबई पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार को हुई जब महिला अपने दो बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। मुंबई पुलिस ने कहा, ''पुलिस ने नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया है, आगे की जांच जारी है।''

पुलिस ने बताया कि दिसंबर में, महाराष्ट्र




के पुणे में 9 और 8 साल की दो नाबालिग बहनों का यौन उत्पीड़न करने के बाद उनकी हत्या करने के आरोप में 54 वर्षीय रसोइए को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, स्थानीय होटल में रसोइए के रूप में काम करने वाला आरोपी पीड़ितों का पड़ोसी था और उनके परिवार को जानता था। पुणे के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पंकज देशमुख के अनुसार, लड़कियां अपने घर के पास खेल रही थीं, जब वे लापता हो गईं, जिसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया।

## नासिक : नायलॉन मांझे से गला कटने से दो लोगों की मौत



**नासिक/अलोला:** महाराष्ट्र के नासिक और अकोला शहरों में अलग-अलग घटनाओं में नायलॉन की पतंग के मांझे से गला कटने से दो लोगों की मौत। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान सोनू धोत्रे और किरण सोनोने के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि धोत्रे मोटरसाइकिल चला रहे थे, तभी नासिक में पाथर्डी फाटा-देवलाली कैंप रोड पर नायलॉन मांझे ने उनकी गर्दन में फँसकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस की एक टीम ने धोत्रे को सिविल अस्पताल पहुँचाया, जहाँ अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मृत्यु हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि वह गुजरात में ठेका मजदूर के रूप में कार्यरत थे।

## बदलापुर में 30 वर्षीय व्यक्ति परिचित की हत्या के आरोप में गिरफ्तार...



**ठाणे:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर क्षेत्र में एक 30 वर्षीय व्यक्ति को एक परिचित की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जो अपनी पत्नी को परेशान कर रहा था। समाचार एजेंसी उन्होंने बताया कि 11 जनवरी को, सुकांत शत्रुघ्न परिदा (29) की आरोपी नरेश शंभू भगत (30) के घर में मौत हो गई, जिसने पुलिस को बदलापुर इलाके में अपने घर पर व्यक्ति की मौत के बारे में सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एक सरकारी अस्पताल में भेज दिया और शुरू में गैर इरादतन मौत का मामला दर्ज किया।

रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले की जांच करते समय, पुलिस ने विभिन्न सुरागों का पीछा किया और संदेह के आधार पर भगत को गिरफ्तार कर लिया। गहन पूछताछ के बाद, भगत ने पुलिस के सामने कबूल किया कि मृतक अक्सर उसके घर आता था और उसकी पत्नी को परेशान करता था, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पुरुषों और दंपति के बीच विवाद हुआ, जैसा कि पीटीआई ने बताया। परिदा की हरकतों से हताश होकर आरोपी ने उससे छुटकारा पाने की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि 10 जनवरी की रात को संदिग्ध ने उसे अपने घर बुलाया, उसे शराब पिलाई और फिर कथित तौर पर हथौड़े और लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया कि संदिग्धों को पकड़ लिया गया है और उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (हत्या) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## कल्याण : पैदल जा रही एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की राहगीरों ने तीनों युवकों की पिटाई की...

**कल्याण :** शहर के पूर्वी हिस्से के चिंचपाड़ा इलाके में 100 फीट रोड पर पैदल जा रही एक लड़की के साथ टेंपो सवार तीन लोगों ने छेड़छाड़ की। लड़की ने जैसे ही विरोध किया और पलटवार किया, वे टेंपो से उतर आए और लड़की से छेड़छाड़ करने लगे। यह घटना सड़क से गुजर रहे राहगीरों और आठ छात्रों ने देखी। उन्होंने तीनों युवकों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई की। उन्होंने कोलसेवाड़ी पुलिस को बुलाकर उन्हें उनके हवाले कर दिया। इन युवकों के नाम रोशन शर्मा, आशीष कुमार गौतम, कपिल जायसवाल हैं। कल्याण पूर्व में विशाल गवली द्वारा एक लड़की की हत्या के बाद से शहर में गुस्से की लहर है।

पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करने वाले नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।



विशाल गवली को मौत की सजा दिए जाने की विभिन्न तिमाहियों से मांग की जा रही है। इस जानकारी के बावजूद, कल्याण पूर्व में 100 फीट रोड पर तीन मनचले युवकों द्वारा एक लड़की से छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने इन युवकों को वदीधारी थप्पड़ जड़ दिया। सोमवार को एक लड़की 100 फीट दूर सड़क पर चल रही थी। वहां से एक टेम्पो में तीन युवक आ रहे थे। टेम्पो से गुजरते समय लड़की को सड़क पर अकेली चलते देख तीनों युवकों ने लड़की से छेड़छाड़ की।

लड़की ने जैसे ही तीनों युवकों का विरोध किया, वे आगे बढ़े और टेम्पो से उतर गए। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से लड़की पर दबाव बनाकर उसे डराने की कोशिश की। जैसे ही लड़की को लगा कि इन युवकों से उसकी जान को खतरा है, वह मदद के लिए चिल्लाने लगी। तुरंत ही सड़क से गुजर रहे छात्र और नागरिक लड़की के पास पहुंचे। उसने नागरिकों को पूरी बात बताई। उसके बाद नागरिकों ने तीनों युवकों की सड़क पर ही जमकर पिटाई की और उन्हें कोलसेवाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया।

# नवी मुंबई : तलोजा MIDC क्षेत्र में एक भयावह हिट एंड रन हादसा



**नवी मुंबई :** तलोजा MIDC क्षेत्र में एक भयावह हिट एंड रन हादसा हुआ है, जिसमें तेज रफ्तार वाहन चालक ने दो लोगों को अपनी गाड़ी से कुचल दिया. इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है. हादसे का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला सड़क के किनारे चल रही थी और एक युवक भी उसी रास्ते पर जा रहा था. अचानक पीछे से एक कार तेज गति से आती है और दोनों को इतनी जोरदार टक्कर मारती है कि वे काफी दूर जाकर गिर जाते हैं. इस हादसे में 27 वर्षीय लालू दास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 44 वर्षीय प्रमिला दास को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां वे जिंदगी और मौत के बीच झूल रही हैं.

तलोजा पुलिस ने हिट एंड रन के आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है. कुछ दिन पहले, इसी तरह एक स्कोडा कार ने आग से आ रही स्कूटी को टक्कर मारी थी, जिसमें दो युवतियों की जान चली गई थी.

बीते 26 दिसंबर को भी मुंबई के पास वसई में एक कार ने 6 साल के बच्चे को कुचल दिया था. सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि कार बच्चे को टक्कर मारती है, उसे घसीटती है और फिर पिछले पहिये से उसे कुचल देती है.

# नवी मुंबई: पिछले 14 दिनों में 33 दुर्घटनाएं, 14 लोगों की चली गई जान

नवी मुंबईः नवी मुंबई शहर के विभिन्न इलाकों में पिछले 14 दिनों में 33 छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और इन दुर्घटनाओं में 14 लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा, 26 लोग गंभीर और मामूली रूप से घायल हुए हैं। इन दुर्घटनाओं में कम से कम पांच युवाओं की जान चली गई है, जिनमें एपीजे स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी के दो छात्र, एसआईईएस कॉलेज का एक छात्र और दो युवा बीपीओ पेशेवर शामिल हैं।

नए साल के पहले ही दिन सीबीडी बेलापुर, पनवेल, उरण, न्हावाशेवा और कामोठे में पांच दुर्घटनाएं हुईं। इन दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। 3 जनवरी को पाम बीच रोड पर वाशी में सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। 5 जनवरी




को पनवेल से मुंबई की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने जुईनगर में सायन-पनवेल रोड पर चार वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे एक बाइक सवार की मौत हो गई।

6 जनवरी को खांडेश्वर इलाके में एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई। उसके बाद 7 जनवरी को सायन-पनवेल मार्ग पर दो कॉलेज छात्र, जो अपने कॉलेज-बेलापुर स्थित एपीजे स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी जा रहे थे, को बस ने रौंद दिया। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना राजमार्ग के किनारे की ऊबड़-खाबड़ सड़क के कारण हुई। दुर्घटना में दोनों छात्रों की मौत हो गई। 9 जनवरी को न्हावा शेवा इलाके में एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई और 10 जनवरी की शाम को नेरुल में टीआई बीकॉम ऑफ एसआईईएस कॉलेज के तीन छात्रों के साथ दुर्घटना की खबर मिली। छात्र दोपहिया वाहन पर ट्रिपल सीट पर सवार थे। उरण के जसाई ब्रिज पर दोपहिया वाहन एक डंपर से टकरा गया, जिसमें दो दिन के उपचार के बाद सवार की मौत हो गई। 11 जनवरी को खांडेश्वर पुलिस स्टेशन क्षेत्राधिकार में एक अज्ञात व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई।

# ठाणे के जोशी-बेडेकर कॉलेज के इतिहास के छात्रों ने कॉलेज सिंधु घाटी सभ्यता की एक प्रदर्शनी लगाई

**ठाणे :** सिंधु घाटी सभ्यता की खोज को 100 साल पूरे हो रहे हैं। वर्तमान पीढ़ी को इस सभ्यता की शहरी नियोजन, संस्कृति, कला और वास्तुकला के बारे में जानकारी देने वाला समृद्ध शैक्षिक अनुभव प्रदान करने और नागरिकों को सिंधु घाटी सभ्यता का प्रत्यक्ष दृश्य प्रदान करने के उद्देश्य से, ठाणे के जोशी-बेडेकर कॉलेज के इतिहास के छात्रों ने कॉलेज परिसर में सिंधु घाटी सभ्यता की एक प्रदर्शनी लगाई है। इसके लिए छात्रों को वरिष्ठ कलाकार सदाशिव कुलकर्णी ने मार्गदर्शन दिया। छात्रों ने यह पूरा प्रोजेक्ट सिर्फ एक महीने में तैयार किया है। सौ साल पहले हड़प्पा, मोहनजो-दारो, धोलावीरा और लोथल की खुदाई में क्या मिला था। यह वास्तव में 5 हजार साल पहले की बात है।

# सरपंच संतोष देशमुख की क्रूर हत्या!

## चाहे कोई भी हो, कार्रवाई की जाएगी - अजीत पवार




**बीड :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की कसम खाई है। हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है और मुख्यमंत्री मामले की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। ''मुख्यमंत्री लगातार इस पर ध्यान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री शुरू से ही कह रहे हैं कि जो भी दोषी होगा, कार्रवाई की जाएगी। परिवार चिंतित है क्योंकि एक महीना हो गया है। जांच एक न्यायाधीश के माध्यम से की जा रही है। यह एक क्रूर हत्या है, चाहे कोई भी हो, कार्रवाई की जाएगी। यह शाहू, फुले और अंबेडकर का राज्य है। यह मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य है। जो भी आरोपी है, उसे नहीं मारा जाएगा...कानून और व्यवस्था बनाए रखी जानी चाहिए...,'' पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा।

9 दिसंबर को, बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या कर दी गई, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर क्षेत्र में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा फर्म को निशाना बनाकर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध किया था। कथित तौर पर जबरन वसूली का प्रयास स्थानीय नेता विष्णु चाटे द्वारा किया गया था, जिन्होंने कंपनी से 2 करोड़ रुपये की मांग की थी। कथित तौर पर देशमुख के हस्तक्षेप के कारण उनका अपहरण, यातना और बाद में हत्या हुई। पुलिस ने मामले के संबंध में तीन प्राथमिकी दर्ज की हैं: एक देशमुख के अपहरण और हत्या के लिए, दूसरी स्थानीय लोगों द्वारा एक पवन चक्की फर्म के सुरक्षा गार्ड पर हमला करने के लिए, और तीसरी फर्म को निशाना बनाकर 2 करोड़ रुपये की जबरन वसूली की कोशिश के लिए 16 जनवरी को, एनसीपी एसपी नेता शरद पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस से बीड में संतोष देशमुख की मौत का विरोध करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इससे पहले, फड़नवीस ने कहा कि बीड सरपंच हत्या मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा, उन्होंने राजनीतिक विवादों पर न्याय पर अपना ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। महाराष्ट्र के सीएम ने कहा, ''हम किसी भी आरोपी को नहीं छोड़ेंगे। हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। आज मैंने संतोष देशमुख के भाई से फोन पर इस मामले पर चर्चा की और उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिस दोषियों की पहचान करेगी और उन्हें सजा दिलाएगी।

# एक महीना बीत जाने के बाद भी एकनाथ शिंदे ने नहीं छोड़ा मुख्यमंत्री बंगला वर्षा...

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए एक महीने से भी ज्यादा का समय हो गया है लेकिन इतना समय गुजर जाने के बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अभी तक मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास 'वर्षा'बंगला खाली नहीं किया है। जिसके चलते फडणवीस अभी भी अपने पुराने बंगले 'सागर'में ही रह रहे हैं। वैसे राज्य सरकार ने मौजूदा सभी मंत्रियों को आवास बांट दिए हैं। शिंदे जब राज्य के मुख्यमंत्री थे तो उन्हें पीडब्ल्यूडी विभाग ने दो बंगले वर्षा और नंदनवन अलॉट किए थे। अब एक महीना बीत जाने के बाद भी शिंदे ने मुख्यमंत्री का बंगला नहीं



छोड़ा है। शिंदे के एक करीबी नेता ने कहा कि जल्द ही एकनाथ शिंदे वर्षा बंगला खाली करेंगे और वह नंदनवन बंगले में शिफ्ट होंगे।

फडणवीस ने 5 दिसंबर को तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। आमतौर पर जब भी कोई मुख्यमंत्री पद छोड़ता है तो वह चंद दिनों में मुख्यमंत्री का आवास खाली कर देता है। लेकिन राज्य सरकार में मौजूदा उपमुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अभी तक मुख्यमंत्री का आवास खाली नहीं किया है। क्योंकि शिंदे राज्य की महायुति सरकार में शामिल हैं और उपमुख्यमंत्री हैं। इसलिए उन पर वर्षा बंगले को खाली करने का दबाव नहीं है। मुख्यमंत्री शिंदे के एक करीबी नेता ने बताया कि नंदनवन बंगला पहले से ही शिंदे के पास है। उस बंगले में कुछ निर्माण कार्य चल रहा है। जैसे ही यह निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा शिंदे वर्षा बंगला खाली कर देंगे। साल 2019 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने दो दिनों के अंदर ही मुख्यमंत्री का आवास खाली कर दिया था। इसके बाद उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने थे और वह करीब ढाई साल तक वर्षा बंगले में रहे थे।

# मुंबईः बैंकॉक से 15.92 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** दो अलग-अलग मामलों में, एयरपोर्ट कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने बैंकॉक से 15.92 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, रविवार को, अक्म अधिकारियों ने बैंकॉक से आने के बाद केरल निवासी एक यात्री मोहम्मद मंडोटिल को रोका। उसके सामान की तलाशी लेने पर, अधिकारियों को एक कार्टन मिला जिसमें एक वॉटर हीटर था, जिसमें 70 पैकेट ऐसे पदार्थ थे, जो वीड (मारिजुआना) के लिए सकारात्मक परीक्षण किए गए थे, जिसकी कीमत 6.94 करोड़ रुपये थी।

मंडोटिल ने अक्म को बताया कि उन्हें पता था कि भारत में वीड और अन्य अवैध दवाओं की तस्करी के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। एक अधिकारी ने कहा, ''हालांकि, वह तस्करी के बदले जल्दी और आसानी से पैसा कमा रहा था।''

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com